# 'होनहार' क्रिकेटर 'अक्षय प्रताप सिंह' की चयन से चमकी 'किस्मत'

## अरूणाचल प्रदेश क्रिकेट प्रिमियर लीग में बस्ती के क्रिकेटर अक्षय का हुआ चयन

**तेजयुग न्यूज**

**बस्ती।** जिले के युवा क्रिकेटर अक्षय प्रताप सिंह की अरुणाचल प्रदेश क्रिकेट प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में चयन होने से परिवार सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं संदेश दिया है। बता दें कि 9 मार्च से 30 मार्च तक अरूणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर के डीएबी ग्राउंड मे अरूणांचल प्रदेश क्रिकेट प्रीमियर लीग के बहुचर्चित हरनेबल ट्रॉफी टूर्नामेंट होना है जिसमें देश-विदेश की कुल छ क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है। जिसमे पोमा टेंडर्रन्डर्स, परे टोरेन्डर्स, टेनी हन्टर्स, पनेयोर टाइटंस, पापुम रायल्स, किंग्स प्रमुख शामिल हैं। हॉरनेबल ट्रॉफी में हिस्सा ले रही पोमा टेन्ड्रेन्स ने अरुणाचल की राजधानी ईटानगर में क्रिकेटरों की नीलामी में लाखों की बोली लगाकर बस्ती के युवा क्रिकेटर अक्षय प्रताप सिंह को खरीदा।



खेल जगत मे किसी युवा क्रिकेटर की प्रतिभा और खेल प्रदर्शन को देखते हुए खुली निलामी मे चयन होना सपने का सच होने जैसा होता है। पोमा टेन्ड्रेन्स क्रिकेट टीम के उच्चाधिकारियों ने माना कि क्रिकेटर अक्षय प्रताप सिंह का चयन अरूणांचल प्रदेश क्रिकेट के लिए लाभदायक हि नही प्रत्येक दिष्टकोण से मील का पत्थर साबित होगी। बस्ती के युवा होनहार क्रिकेटर अक्षय प्रताप सिंह के अरुणाचल प्रदेश के प्रीमियर क्रिकेट टीम में चयन पर उनके परिवार और क्षेत्रवासियों मे हर्ष और खुशी का माहौल है। परिजनों ने लड्डू बांट कर खुशी का इजहार किया।

**▸▸ लाखों की नीलामी के बाद पूमा टेंडर्नेस ने खरीदा ▸▸ 9 मार्च से 30 मार्च तक अरूणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर के डीएबी ग्राउंड मे अरूणांचल प्रदेश क्रिकेट प्रीमियर लीग के बहुचर्चित हरनेबल ट्रॉफी टूर्नामेंट होना है**

विक्रमजोत ब्लॉक के टिकरिया गांव निवासी 21 वर्ष के अक्षय प्रताप सिंह कि हाईस्कूल तक की पढाई बस्ती के मखौड़ा कस्बे के संस्कृति विद्यालय से हुई। क्रिकेट मे विशेष रूझान को देखते हुए पिता देवेन्द्र प्रताप सिंह ने दिल्ली के द्रोणाचार्य क्रिकेट अकादमी में भर्ती कर दिया जहां यूपी के एडीएस एकेडमी क्रिकेट लखनऊ मे दो साल के प्रशिक्षण के बाद अरुणाचल प्रदेश क्रिकेट टीम के लिए ईटानगर चले गए जहां दो साल चुनिंदा कोच के निर्देशन में कडे कड़े प्रशिक्षण के बाद प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टीम चयन हुआ। क्रिकेटर अक्षय प्रताप सिंह अपने माता-पिता को आइडल मानते है। जिन्होंने क्रिकेट में करियर बनाने के लिए पूरा सपोर्ट और मोटिवेशन दिया जिसके बदौलत पहली बार प्रदेश स्तर अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा।

# खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**प्रतियोगिता का उद्धघाटन ग्राम प्रधान अभिषेक प्रेमी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमागजा एवं रामपुर की बालिका संवर्ग की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया**



**तेजयुग न्यूज**

**बस्ती।** प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चों को आकर्षित करने के लिए पूर्व माध्यमिक विद्यालय, करमागजा, करियापार राउत, बस्ती-सदर में छः बच्चों की टीम का प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बालक/बालिका संवर्ग की एक दिवसीय खो-खो खेल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्धघाटन ग्राम प्रधान अभिषेक प्रेमी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमागजा एवं रामपुर की बालिका संवर्ग की खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सहायक अध्यापक संतोष कुमार जायसवाल ने किया।

प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय के बालक वर्ग में करियापार राउत की टीम अमन यादव, उजैफ, आरौ चैरसिया, शिमांशु, इमरान शाह, विकास की टीम विजेता, रामपुर की टीम सूरज चैधरी, मो0शाद, जमशेद खान, अमन कुमार, सचिन कुमार, रितेश चैधरी की टीम उपविजेता, गरवाह की टीम आस्तिक दूबे, सूरज, शिवा प्रजापति, सुशील, आदित्य यादव, उधव तिवारी की टीम को तृतीय स्थान मिला। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बालक वर्ग में करमागजा की टीम अमर सिंह यादव, कौशल,शुभम सिंह, विपिन, अनिकेत, हिमांशु की टीम विजेता,रामपुर की टीम मेहताब खान,रहमत अली, लतीफ अहमद, निखिल कुमार, दिनेश कुमार, अंश चैधरी की टीम उप विजेता हुई। प्राथमिक बालिका वर्ग में रामपुर की टीम अंशु प्रजापति,रंजना प्रजापति, नव्या प्रजापति, श्रेया कुमारी, शहजादी खातून, स्नेहा कुमारी की टीम विजेता, करियापार राउत की टीम प्रीती, सोनाली, रेनू, नैन्शी, आतिया, प्रियंका शर्मा की टीम उप विजेता, गरवाह की टीम वंशिका भारती, तान्या कुमारी, खुशी कुमारी, नन्दनी कुमारी, मिनाक्षी यादव, रानी यादव की टीम को तृतीय स्थान मिला।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालिका वर्ग में करमागजा की टीम खुशी यादव, अंशिका, अनीता यादव, गरिमा, दिव्या, लक्ष्मी की टीम विजेता, रामपुर की टीम प्रतिभा विश्वकर्मा,नाजिया खातून, निष्ठा त्रिपाठी, आरिफा खान,संजना कुमारी लक्ष्मी कुमारी की टीम उपविजेता हुई। खेल का संचालन खो-खो संघ के सचिव राम सिंह निर्णयायक की भूमिका खो-खो के राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी श्रेया मिश्रा, युवराज सिंह ने निभाई। कार्यक्रम का समापन ए0आर0पी0 अविनाश शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से इ. प्राधानाध्यापक अतुल पाण्डेय, सुनीता मिश्रा, शाहनवाज अंसारी, निलेश भारती, रिशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।

# 'किसान' जोर-जोर से 'चिल्ला' रहा, गन्ना 'घटतौली' हो रही, 'अधिकारी' नहीं सुन 'रहें'!

**किसानों ने जब पिकौरा बी में एक क्विंटल 85 किलो की घटतौली पकड़ती तो बवाल मच गया**

**तेजयुग न्यूज**

**बस्ती।**....किसानों की माने तो जिला गन्ना अधिकारी गन्ना घटतौली को नहीं रोक पा रही है। कहते हैं, घटतौली रोकने को कौन कहे, फोन करो तो यह जबाव तक नहीं देती। यहां तक कि इनके उच्चाधिकारी उप गन्ना आयुक्त भी किसानों का फोन नहीं उठाते, ऐसे में सवाल उठ रहा है, कि गन्ना की घटतौली करने वालों से किसानों को कौन मुक्त कराएगा।

किसान जोर-जोर से चिल्लाप रहा है, कि सहकारी गन्ना समिति टिनिच के शिवपुर, आमा बी, पिकौरा बी, कर्मी, सोरबरसा, जलेबीगंज और मुसहा में गन्ना क्रय केंद्रों पर धड़ल्ले से घटतौली हो रही है, मगर कोई किसानों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। किसानों ने पिकौरा बी में एक क्विंटल 75 किलो की घटतौली को पकड़ा, इसके लिए किसानों ने डीसीओ और उप गन्ना आयुक्त को फोन भी किया, लेकिन दोनों अधिकारियों का मोबाइल बंद रहा। इसके बाद किसान नेता चंद्रेष प्रताप सिंह ने गन्ना आयुक्त लखनउ को फोन किया, जबाव मिला कि अभी सचिव को भेज रहा हूं, मगर सचिव आए ही नहीं। यह है, उन गन्ना अधिकारियों का हाल जो गन्ना किसानों को घटतौली से निजात दिलाने के लिए ही इनकी नियुक्ति हुई।

**▸▸ सहकारी गन्ना समिति टिनिच के शिवपुर, आमा बी, पिकौरा बी, कर्मी, सोरबरसा, जलेबीगंज और मुसहा में गन्ना क्रय केंद्रों पर धड़ल्ले से हा रही घटतौली ▸▸ किसानों ने पहले डीसीओ को फोन किया, उसके बाद उप गन्ना आयुक्त को फोन किया, मगर किसी ने भी फोन नहीं उठाया, फिर किसान नेता चंद्रेश प्रताप सिंह ने गन्ना आयुक्त को फोन किया, कहा गया, कि सचिव को भेज रही हूं, मगर कोई नहीं आया**



डीएम को लिखे पत्र में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के मंडल प्रवक्ता चंद्रेश प्रताप सिंह ने कहा कि बलरामपुर चीनी मिल के यूनिट बभनान के गन्ना क्रय केंद्रों पर बड़े पैमाने पर घटतौली हो रही है। कहने को आनलाइन खरीद पारदर्शी है, लेकिन फिर भी किसान घटतौली का शिकार हो रहा है, किसानों की आवाज को स्थानीय अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। सचिव ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक एवं जिला गन्ना अधिकारी कभी भी किसानों की नहीं सुनते। जांच के नाम पर जेबें भर रहे हैं, किसान गन्ना, धान, गेहूं क्रस केंद्र पर ठगा जा रहा है, कहा गया, कि न तो डीसीओ और न बांटमाप अधिकारी ही जांच करने जाते। किसानों के हितो को दुखने वाला कोई नहीं है। टीम बनाकर जांच करने की मांग की है।

# दो फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तेजयुग न्यूज**

**नसीराबाद/रायबरेली :** विचाराधीन मामलों में तारीखों से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से जारी वारंट के तहत नसीराबाद पुलिस ने दो फरार चल रहे वारंटियों को गिरफतार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मामला लगभग 11 वर्ष पहले आईपीसी की धारा 323/504 के तहत दर्ज विचाराधीन मामले में अभियुक्त इसमाइल पुत्र स्वर्गीय इसहाक निवासी कस्बा व थाना नसीराबाद तथा 498 ए, 323,504 आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के विचाराधीन मामले में अदालत में लगातार न हाजिर होने के कारण जारी वारंट के अनुपालन में अभियुक्त हुकुम सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी मोहम्मद अली का पुरवा थाना नसीराबाद को गिरफ्तार करके विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी उनके घरों से उप निरीक्षक त्रियुगी नारायण तिवारी और हमराही हेड कांस्टेबल विपिन कुमार द्वारा की गई।



# 'संतोष सिंह' को 'एमएलसी' प्रत्याशी बनाए जाने पर बांटी गई 'मिठाई'

**तेजयुग न्यूज**

**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व बृज क्षेत्र के प्रभारी लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष संतोष सिंह को विधान परिषद सदस्य प्रत्याशित घोषित किए जाने पर बस्ती जनपद में न्याय मार्ग पर सत्येंद्र सिंह भोलू के नेतृत्व में आमजन में मिठाई में बात कर खुशी का इजहार किया गया और शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई दिया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सत्येंद्र सिंह भोलू ने कहा कि संतोष सिंह जी का लंबा राजनीतिक इतिहास है।

वह लखनऊ विश्वविद्यालय के महामंत्री और अध्यक्ष रहे और बीजेपी में युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी के साथ-साथ उन्होंने भारतीय जनता पार्टी संगठन में मंत्री और उपाध्यक्ष पद पर निष्ठा के साथ कार्य किया और उसका परिणाम है कि आज पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उन्हें विधान परिषद के रूप में सम्मान प्रदान किया। खुशी इजहार करने वाले में सत्येंद्र बहादुर सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, राकेश उपाध्याय मंडल अध्यक्ष हनुमानगंज भाजपा, दिलीप पांडे, शुभम पाठक, राहुल, विकास, पिछड़ा वर्ग के महामंत्री जयप्रकाश गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# उद्यान मंत्री ने जिले वासियों को समर्पित किया हाइटेक पार्क

**गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क के नाम से विख्यात होगा उद्यान पार्क**

**तेजयुग न्यूज**

**रायबरेली :** विगत कई महीनों से बनाया जा रहा हाईटेक पार्क जो लगभग पूरी तरह बनकर तैयार हो गया जिसका आज फीता काटकर उद्घाघाटन किया गया। बताते चलें कि शनिवार को उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उपरोक्त पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इस पार्क का नाम सिख गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क रखा है।

यह पार्क जिले वासियों को उद्यान मंत्री द्वारा समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह पार्क रायबरेली का हृदय स्थल कहलाएगा। मंत्री ने कहा कि इस पार्क में जिले की सांस्कृतिक विरासत गर्ग ऋषि, गोकर्ण ऋषि, डालभ्य ऋषि,आस्तीक मुनि, महर्षि जमदग्नि,राणा बेनी माधव बक्श सिंह,राजा राव रामबक्श सिंह,आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी,वीरा पासी, लाल चंद्र स्वर्णकार की मूर्तियां लगाई गई है और मूर्तियों के नीचे उनका संक्षिप्त इतिहास भी पत्थर पर लिखकर लगाया गया जिससे की अगली पीढ़ियां रायबरेली की सांस्कृतिक विरासत को जान सके।



इस उद्यान में लगभग 3 किलोमीटर वाकिंग ट्रैक भी बनाई गई हैं जो बेलें और पुष्पों से आच्छादित होंगी। वाकिंग ट्रेक के किनारे सुंदर आवाज में मंत्र और गीत बजते रहेंगे। इसमें वात्सल्य योगा पार्क का निर्माण भी किया गया है। जिसमें सिर्फ महिलाएं स्वतंत्र रूप से योगा कर सकेंगी। इसी तरह पुरुषों के लिए एक बड़ा योग सेट होगा। जिसमें धूप,बारिश और ठंड के समय भी योगाभ्यास किया जा सकता है। उद्यान में एक सत्संग भवन भी बनाया गया जिसमें वरिष्ठ नागरिक ध्यान आदि कर सके। पार्क में आम,अमरूद आंवला के बड़े-बड़े बाग विकसित हैं। फल, फूल, सब्जी औषधि पेड़ों की हाईटेक नर्सरी की स्थापना की गई है। एक भव्य गेस्ट हाउस है 110 फीट का राष्ट्रीय ध्वज लहराता रहेगा। विशाल और रंगीन फव्वारे अपनी मनमोहक छटा बिखेरेंगे। इस मौके पर पटना गुरुद्वारा के ज्ञानी जगरूप सिंह नरेंद्रपाल सिंह अरोड़ा, प्रभुजोत सिंह अरोड़ा व व्यापारी नेता बसंत सिंह बग्गा, सुरेंद्र सिंह मोंगा, नरेंद्र सिंह सलूजा गुरबख्श सिंह बग्गा, तेजपाल सिंह मोगा, रघुवीर सिंह मोंगा, गुरदीप सिंह सलूजा, जोगिंदर सिंह अरोड़ा, परमजीत सिंह गांधी, बलजीत सिंह मोंगा, रणधीर सिंह मोंगा, सोना सिंह मोगा निरंजन सिंह काके सीडीओ पूजा यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### तीन सौ सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

रायबरेली। हाईटेक पार्क उद्घघाटन के पश्चात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने एक साथ 300 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण किया। जो उद्यान, मंडी परिषद और जिला पंचायत से निर्मित अथवा निर्माणा-धीन है। इसी तरह आज भी पूर्व सांसद पूर्व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्रीशचंद्र दीक्षित पर्यावरण उद्यान का शिलान्यास देवानंदपुर में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा।

### महाशिवरात्रि पर भंडारे का आयोजन

**लालगंज/रायबरेली :** मॉडर्न कोच फैक्ट्री आवासीय परिसर में करवाया गया गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के समापन पर शनिवार को भंडारा का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चला। जिसमें आरेडिका के कर्मचारी एवं उनके परिवार सहित ठेकेदार लेबर, दुकानदार, सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के लिए पिछले सात दिनों से गायत्री परिवार के भुजंग शर्मा एवं श्रीमती प्रेमा सिंह सहित उनकी टीम तथा सामूहिक पूजा समिति के पदाधिकारी नैब सिंह, आर डी तिवारी रोहित मिश्रा, ओम प्रकाश मौर्य, श्री कुणाल रोशन, श्री जितेंद्र कुमार, श्री आशीष श्रीवास्तव , श्री मनोज कुमार, श्री मनोज यादव,श्री मुनेश कुमार पटेल, श्री ज्ञान प्रकाश, श्री सी पी पांडे,श्री महेश शर्मा, श्री लाल रत्न मिश्रा सरदार बलबीर सिंह श्री राजू शर्मा आदि ने इस कार्यकर्म को सफल बनाने में सफल योगदान रहा।

# 'गुणवाविहीन' हो रहा 'सड़क' निर्माण, 'डीएम' से की 'शिकायत'

**राम जानकी मार्ग चकदहा से सुअरहा मार्ग पर हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्य का मामला**

**तेजयुग न्यूज**

**बस्ती।** भाजपा नेता रवि पांडेय ने डीएम बस्ती को पत्र लिखकर उनसे विकास खंड कुदरहा के राम जानकी मार्ग चकदहा से सुअरहा मार्ग, जिसका पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रांतीय खंड से विशेष मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है, की गुण्वत्ताविहीन निर्माण की षिकायत करते हुए कार्रवाई करने की माुंग की है।

कहा कि कार्य एक दम घटिया एवं निम्न स्तर का हो रहा है, यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। सड़क बनने के बादसे ही गिट्टियां उखड़ने लगी है, और सड़क की रोलिंग ठीक से नहीं की जा रही है। जिससे सड़क बनने के बाद भी बराबर नहीं है और सड़क पर जगह-जगह गड्ढे है। जिनमें बरसात के दिनों में पानी रूकेगा और सड़क टूट जाएगी और इस सड़क पर जी एस बी गिट्टी नाम मात्र डाली जा रही है और विना सडक की साफ सफाई किए ही जीरा गिट्टी डाल दी जा रही है और जीरा गिट्टी डालने से पहले ट्रैक कोड में नाम मात्र का डामर डाला जा रहा है।



उपरोक्त मामले को मौखिक रूप से कई बार विभाग को सूचित किया गया लेकिन अभी तक न तो गुणवत्ता में कोई सुधार हुआ और न ही कोई कार्रवाई की गई जबकि इस रोड पर प्राथमिक विद्यालय सुभावपुर, प्राथमिक विद्यालय मुरादपुर, प्राथमिक विद्यालय सुअरहा स्थित है जिसमें छोटे छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं और सुभावपुर, भिस्वा, मिश्रौलीया, भंगुरा, मुरादपुर, मिर्जापुर, सुअरहा और चरकैला सहित अन्य दर्जनों गांवों का मुख्य मार्ग है।

# त्योहारों के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

**शाहिद हुसैन**

**सादुल्लाहनगर(बलरामपुर) :** स्थानीय थाना परिसर में आगामी होली त्यौहार व रमजान माह को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार व क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार रावत ने की।



बैठक में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी उतरौला ने उपस्थिति लोगों से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। रमेश चंद्र तिवारी , शाहिद हुसैन व राधेश्याम गुप्ता ने सादुल्लाह नगर क्षेत्र की एकता और अखंडता पर प्रकाश डालते हुए प्रशासन को शांति पूर्वक त्योहार सम्पन्न कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर आपसी भाईचारा व सौहार्द की परंपरा को कायम रखते चले आये है और यह परम्परा ऐसे ही आगे चलती रहेगी। बैठक में सादुल्लाह नगर व आस पास के बाजारों में विशेष अवसरों पर फल सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी व खाद्य पदार्थ में मिलावट का भी मुद्दा उठाया गया। जिस पर उपजिलाधिकारी उतरौला ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अरविंद मिश्र, रमेश चंद्र त्रिपाठी, देवी बख्श सिंह,सरजू प्रसाद, रज्जाक,सईद अहमद, राधेश्याम गुप्ता,दीप चंद जायसवाल, अवधेश कुमार उपाध्याय, अहमद अली, शहंशाह आलम,यार मुहम्मद, अताउल्लाह खान आदि मौजूद रहे।

### भाजपा में महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर : चन्द्र प्रकाश तिवारी

**खड्डा, कुशीनगर।** खड्डा विकास खण्ड के सभागार में बुधवार को मण्डल अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम आयोजित की गई। सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समूह की महिलाओं से सजीव संवाद किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, महिला मोर्चा की क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश तिवारी ने भारत मां के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संबोधित करते हुए मनोज जायसवाल ने कहा कि पहले की सरकारों में नारी को अबला के रूप में देखा जाता था।

# 507 गर्भवती महिलाओं का किया गया अल्ट्रा साउंड

**1073 गर्भवती महिलाओं का किया गया जांच**

**तेजयुग न्यूज**

**बलरामपुर :** शनिवार को जनपद बलरामपुर के दो जिला स्तरीय चिकित्सालय संयुक्त चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय बलरामपुर, नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित कुल बीस स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया गया। जनपद में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कुल 1073गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया, 116 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क प्रिग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया गया, कुल 507 महिलाओं का निः शुल्क अल्ट्रा साउंड करवाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसडी में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल चार कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी डॉ सुरेंद्र कुमार को निर्देशित किया।निरीक्षण किए जाने के समय तक कुल 36 गर्भवती महिलाओं की जांच किया गया था। उन्होंने वहां पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी डॉ सुरेंद्र कुमार को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व समस्त जांचें अवश्य कर लिया जाय । सीएमओ डॉ. ने बताया कि इस दिन गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाती है और उनका इलाज किया जाता है और उनके लिए उचित जन्म योजना तैयार की जाती है, क्योंकि उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल प्रदान करके मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इस दौरान प्रसव से पहले, प्रसव के दौरान और बाद में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसड़ी के समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

